कार्यालय मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)
# उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०
तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार
14–अशोक मार्ग, लखनऊ।
दूरभाष : 0522–2288656 ईमेल : cehydelpcl@gmail.com फैक्स : 0522–2288655

**संख्याः 781 –अनु0–प्रथम / 2019** **दिनांकः 17 सितम्बर, 2019**

**विषयः– अवर अभियन्ताओं (विद्युत / यांत्रिक) की वार्षिक गोपनीय आख्या उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।**

ई–मेल

| |
|---|
| **अनुस्मारक–प्रथम** |
| **अति महत्वपूर्ण** |

1. **प्रबन्ध निदेशक,**
   **पूर्वान्चल / पश्चिमांचल / मध्यांचल / दक्षिणांचल / केस्को, वि0वि0नि0लि0**
   **वाराणसी / मेरठ / लखनऊ / आगरा / कानपुर**
2. **निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, लखनऊ।**
3. **समस्त कारपोरेट कार्यालय (मुख्य अभियन्ता–ऊर्जा एवं लेखा), नियोजन, पी0पी0ए0, ई0टी0आई0, विद्युत सेवा आयोग, जॉच समिति, सी0एम0यू0डी0, रेस्पो सामग्री प्रबन्ध कम्प्यूटराइजेशन यूनिट, अधीक्षण अभियन्ता(जानपद) मुख्यालय, संयुक्त सचिव प्रशासन।**

कृपया उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र सं0–512 दिनांक 22.07.2019 एवं सं0–545 दिनांक 01.08.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वरिष्ठता कमांक 7165 से 2012 / सी0ई0एच0 / 472 तक के अवर अभियन्ताओं की सूची संलग्न करते हुए उनके नाम के सम्मुख अंकित अवधि की वांछित गोपनीय चरित्र आख्या उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया था, परन्तु उक्त सूची में अभी भी अनेकों अवर अभियन्ताओं की वार्षिक गोपनीय आख्या नियुक्ति तिथि से अद्यतन अभी भी प्रतीक्षित है जिसके कारण उनकी प्रोन्नति / स्थायीकरण / समयबद्ध वेतनमान पर विचार किया जाना सम्भव नहीं हो पायेगा। उल्लेखनीय है कि अवर अभियन्ताओं के प्रोन्नति की कार्यवाही शीघ्र ही विचारित की जानी है।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि **कृपया उक्त सूची में अंकित वांछित वार्षिक गोपनीय आख्याये तत्काल उपलब्ध कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि अवर अभियन्ताओं के स्थायीकरण, समयबद्ध वेतनमान एवं प्रोन्नति ससमय की जा सके।**

**(उमेश सिंह यादव)**
**वैयक्तिक सहायक–पंचम**
**कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)**

**सं0– 781 –अनु0–प्रथम / तद्दिनांक : 17 सितम्बर , 2019**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निदेशक (का0 प्रबं0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पाकालि / उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 / उप्र0 राज्य जल विद्युत निगम लि0 को इस आशय से कि अपने निगमों में प्रतिनियुक्ति पर तैनात उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के अवर अभियन्ताओं के संबंध में वांछित सूचना संलग्न सूची के अनुसार तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।
2. अधिशासी अभियन्ता(वेब), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को इस आशय के प्रेषित है कि इसे कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

17/09/19

**(उमेश सिंह यादव)**
**वैयक्तिक सहायक–पंचम**
**कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)**